# मंत्री और विधायक की समझाइश के बाद भी धरने से उठने को तैयार नहीं हुए पार्षद

## हैरिटेज नगर निगम में संचालन समितियां सात दिन में बनवाने का आश्वासन दिया मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और विधायक अमीन कागजी ने, लेकिन पार्षदों ने नहीं दिखाया भरोसा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। कांग्रेस ने निर्दलीय पार्षदों के जोड़-तोड़ से जयपुर हैरिटेज नगर निगम में मुनेश गुर्जर को महापौर तो बना दिया, लेकिन 2 साल का कार्यकाल बीतने के बावजूद संचालन समितियां न तो मेयर बना पाई और न ही राज्य सरकार। अब गहलोत सरकार के विरोध में कांग्रेस व निर्दलीय पार्षद खुलकर उतर आए है। हैरिटेज नगर निगम में बुधवार सुबह धरने पर बैठे पार्षदों ने रात भी धरना देते हुए गुजारी। गुरूवार सुबह मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और विधायक अमीन कागजी ने धरनास्थल पर पहुंचकर 7 दिन में संचालन समितियां गठित करवाने का आश्वासन भी दिया, लेकिन धरने पर बैठे पार्षदों ने मंत्री और विधायक पर भरोसा नहीं दिखाया।

सूत्रों के मुताबिक मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने तो इतना बोल दिया कि इन कमेटियों पर पहला हक निर्दलीय पार्षदों का ही है। उन्होंने कहा कि 7 दिन के अंदर सभी विधायक एक साथ बैठकर नाम फाइनल कर देंगे और कमेटियां बना देंगे। हालांकि धरने पर बैठे पार्षद अपनी जिद पर अड़े रहे और स्पष्ट शब्दों में कह दिया जब तक कमेटियां नहीं बनेगी, तब तक धरने से नहीं उठेंगे।




**हैरिटेज नगर निगम मुख्यालय में धरने पर बैठे पार्षदों को मनाने मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और विधायक अमीन कागजी पहुंचे।** फोटो-राष्ट्रदूत

- **बताया जा रहा है कि कांग्रेस के चार विधायकों में रुतबेदार कमेटियों और उनकी संख्या को लेकर टकराव है, इस कारण बीते दो साल से यह कार्य अटका हुआ है**
- **हैरिटेज निगम में कांग्रेस का बोर्ड बनवाने में मददगार रहे नौ निर्दलीय पार्षदों को दो साल बीतने के बाद भी चेयरमैन की कुर्सी नहीं मिली तो अब खुलकर सामने आई है नाराजगी**

सूत्रों की मानें तो नगर निगम हैरिटेज क्षेत्र में 4 विधानसभा क्षेत्र आते है। इसमें सिविल लाइन्स और आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से 10-10 से ज्यादा पार्षद जीतकर आए है, जबकि किशनपोल और हवामहल में 10 या उससे कम है। सिविल लाईन्स विधायक प्रताप सिंह और आदर्श नगर विधायक रफीक खान चाहते है कि कमेटियां जीते हुए पार्षदों के अनुपात में हो, जबकि अन्य दो विधायक महेश जोशी और अमीन कागजी चाहते है कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में बराबर-बराबर कमेटियां मिले। इस कारण से अब तक ये चारों विधायक कमेटियों के लिए नाम फाइनल नहीं कर पाए है। सूत्रों का कहना है कि टकराव का मूल कारण कमेटियों की संख्या के साथ-साथ अच्छी कमेटियां का भी है। विधायक चाहते है कि अच्छी कमेटियां वे अपने चहेते पार्षदों को दिलवाए। इसमें भवन निर्माण समिति, लाइसेंस समिति, वित्त समिति, सफाई समिति, लाइट और उद्यान समिति प्रमुख है। इस कारण भी अब तक न तो संख्या तय कर पाए और न ही चैयरमेन के नामों की सूची।

बताया जा रहा है कि कमेटियां की संख्या पर हुए इस विवाद को खत्म करने के लिए पिछले साथ इन विधायकों ने 21 निर्धारित कमेटियों के अलावा अतिरिक्त 7-8 समितियां बनाने का प्रस्ताव तैयार करके नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल को भिजवाया था, लेकिन धारीवाल ने इन अतिरिक्त कमेटियों को बनाने से साफ मना कर दिया। क्योंकि नगर निगम ग्रेटर में जब 21 कमेटियों के अलावा 7 अतिरिक्त कमेटियां बनी थी, तब राज्य सरकार ने एक आदेश जारी करते हुए सभी कमेटियों को रद्द कर दिया था।

ज्ञात रहे कि हैरिटेज नगर निगम में 100 सदस्यों वाले बोर्ड में कांग्रेस के 47 सदस्य है। यहां 11 निर्दलीय पार्षदों में से 9 लोगों ने समर्थन देते हुए कांग्रेस बोर्ड बनाने में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा कांग्रेस का मेयर बनाने में भी इन्ही निर्दलीयों ने अहम भूमिका निभाई है। तब कांग्रेस ने इनको वादा किया था कि संचालन समितियों में सभी को प्रमुखता से जगह दी जाएगी। लेकिन अब ये पार्षद खुद को ठगा सा महसूस कर रहे है।

## गिरफ्तार उपेन यादव के समर्थन में थाने पहुंचा छात्रसंघ अध्यक्ष



**जयपुर** (कासं)। राजस्थान यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष निर्मल चौधरी ने गुरूवार को श्याम नगर थाने में गिरफ्तार बेरोजगारों के नेता उपेन यादव के समर्थन में प्रदर्शन किया। इस दौरान वह कई छात्रों के साथ श्याम नगर थाने का घेराव करने पहुंचे। हालांकि पुलिस ने थाने से सौ मीटर दूर ही बैरिकेट्स लगाकर उन्हें रोक लिया। इस पर निर्मल और अन्य प्रदर्शनकारियों ने पुलिस और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस के अधिकारियों ने उनसे समझाइश की। इस पर वह वार्ता के लिए पुलिस कमिश्नरेट पहुंचे। जहां पुलिस अधिकारियों से वार्ता के बाद वह उपेन यादव से श्याम नगर थाने में मिले।

## युवती से देहशोषण और ठगी

**जयपुर**। सिंधी कैंप इलाके में एक युवती से देहशोषण व रूपए हड़पने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया झोटवाड़ा निवासी 35 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है कि अजय चौधरी ने शादी का झांसा देकर लिव इन में रखा। आपस में अनबन के चलते दोनों अलग हो गए। आरोप है 23 नवंबर को अजय चौधरी ने अश्लील वीडियो वायरल करने का हवाला देकर इलाके स्थित एक होटल में शारीरिक संबंध बनाए और 1.25 लाख रूपए हड़प लिए।

## काउंसलिंग के दौरान हंगामा

**जयपुर**। गर्वमेंट डेंटल कॉलेज में आरयूएचएस की हो रही नीट यूजी काउंसलिंग के दौरान गुरुवार को छात्रों व उनके परिजनों की ने हंगामा कर दिया। उन्होंने आरोप लगाए गए कि काउंसलिंग में अनियमितता बरती जा रहीं है। छात्रा शर्मिला सिगर ने कहा कि उसकी ओबीसी में स्टेट रैंक 3382 है। जब वह काउंसलिंग में पहुंची तो उसे रोककर डॉक्यूमेंट लाने के लिए कहा गया। जब डॉक्यूमेंट लाए जा रहे थे, तब उससे पीछे की रैंक वाले को सीट अलॉट कर दी।

शर्मिला के परिजनों ने काउंसलिंग में घोटाले के आरोप लगाए। इसी तरह काउंसलिंग में आए एक अभिभावक पुष्पेंद्र बंसल ने आरोप लगाए कि एनआरआई में 22 सीटे थी। दूसरे राउंड में जब हम आए तो हमसे कहा कि अब सीटे समाप्त हो गई है। अब सीटों की संख्या जीरो हो चुकी है। ऐसे में उन्होंने कहा कि यह जानकारी वेबसाइड पर अपलोड क्यों नहीं की गई।

उन्होंने 22 सीटों के आवंटन को लेकर जानकारी मांगी। बंसल ने आरोप लगाए कि सीट आवंटन में पारदर्शिता नहीं दिख रहीं है। सीट आवंटन में गड़बड़ी की गई है। वहीं इस मामले में डॉ. संदीप टंडन ने बताया कि एनआरआई सीट्स को लेकर विवाद हुआ है। जिसके बारे में वेबसाइट पर जानकारी अपलोड की जा रहीं है। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से हो रहीं है। इसमें कोई गड़बड़ नहीं हो सकती है।

## बैडमिंटन लीग में डॉक्टर्स दिखा रहे दमखम




**जयपुर**। पेटीएम डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग चतुर्थ संस्करण में जयपुर एलजी अस्थमा टीम व जयपुर फिटल मेडिसिन महिला टीम सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। लीग चेयरमैन डॉ. अनिल यादव ने बताया कि कल खेले गये मैचेज में पुरूष वर्ग की टीम इवेंट प्रतियोगिता में, फ्लो केअर हॉस्पिटल ने मेडिस्पा हॉस्पिटल को 3-2 से हराया। सीजे3 ने किड्स डेंटल हॉस्पिटल को 3-2 से हराया।

लीग को-चैयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि अग्रवाल हॉस्पिटल और जयपुर न्यूक्लियर इमेजिंग सेंटर के बीच टाई 1-1 से बराबर है। शेष मैच अभी खेले जाना बाकी है। कॉसमॉस हॉस्पिटल ने महात्मा गाँधी हॉस्पिटल से अपना मैच जीत लिया। श्री हॉस्पिटल ने उर्मिल हॉस्पिटल पर 3-0 की निर्णायक बढ़त हासिल की। लीग कोऑर्डिनेटर प्रेम चौधरी ने बताया कि महिला वर्ग में जयपुर एलर्जी एंड अस्थमा टीम और जयपुर फीटल मेडिसिन के बीच मुकाबला होगा। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. निधि पूनिया ने बताया कि किड्स वर्ग में जयपुर गैस्ट्रो, शर्मा डायग्नोस्टिक से 2-1 से आगे है। 2 मैच अभी बाकी है। एक अन्य टाई में विज़न ने पिंक विनायक से एक मैच जीता। महिला वर्ग में जेएफएमआरसी ने जयपुर हार्ट सेंटर को 4-1 से हराया।

लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. अजीत जैन ने बताया कि बॉयज टीम इवेंट वर्ग में केडिया हॉस्पिटल, आँच टाइटन्स, एस आर के हॉस्पिटल तथा आइकॉन हॉस्पिटल सेमीफाइनल में पहुंचे। लीग कोऑर्डिनेटर डा दिलीप गुप्ता ने बताया कि दबंग ओपन मुकाबलों में आदित्य सैनी-अपूर्व जेठवानी की जोड़ी ने हर्षल टांक-सुधांशु शर्मा की जोड़ी को तथा अनिल यादव-सुमित की जोड़ी ने गौरव गोयल-तुषार की जोड़ी को हराया। मलंग ओपन मुकाबलों में वसीम बेग-सुनीत सोनी की जोड़ी ने मोहित सोमानी-दिनेश चांडक को हराया। अवतार-दीपांशु ने मनीष-नरेश मंगलहारा की जोड़ी को हराया। एक अन्य मैच में अवतार-दीपांशु की जोड़ी को शरद बंसल-श्रीराम गुप्ता ने हराया।

## इंडिया ज्वैलर्स ने की मुंबई में ग्रांड ज्यूरी मीट की मेजबानी



**जयपुर** (कासं)। यह उत्साह और उमंग से भरी एक रोमांचक दोपहर थी, जब 12वें जेजेएस-इंडियन ज्वैलर डिजाइन, अवार्ड्स, जेडब्ल्यू मैरियट मुम्बई में ग्रांड ज्यूरी मीट की मेजबानी इण्डियन ज्वैलर्स द्वारा की गई। इण्डियन ज्वैलर पत्रिका के सम्पादक आलोक काला ने बताया कि अपने 12वें वर्ष में बहुप्रत्याशित आईजे अवार्ड्स को बेहद उत्साहजनक प्रतिक्रिया 1000 से अधिक डिजाइन प्रविष्टियों के रूप में मिली। यह गत वर्ष से 65 प्रतिशत अधिक है। प्रत्येक ज्यूरी द्वारा दिया गया 1 से 5 अंक का पैमाना विविध कारकों पर आधारित था। जैसे अभिनवता; पहनने की क्षमता; अद्वितियता; फिनिशिंग; डिजाइनिंग एवं प्राइस पोइन्ट।

आईजे अवार्ड के कन्वीनर आलोक काला ने बताया कि जेजेएस-आईजे डिजाइन अवाड्स (पावर्ड बाय जीआईए) 2022 से भारतीय ज्वैलर्स उत्पादकों, रिटेलर्स और डिजाइनरों को शानदार अवसर मिले हैं, ताकि उनकी प्रतिभा, रचनात्मकता और उत्पाद को एक अभिनव मंच मिल सके और जिसमें देश के किसी भी भाग से प्रवेश सुगम है।

इस वर्ष के उच्चस्तरीय ज्यूरी पैनल में थे - राजीव जैन, मानद सचिव, जयपुर ज्वैलरी शो; डॉ. पराग के. व्यास- फाउन्डर गुरू बार डिजाइन स्टूडियो; दर्शीनी शाह - डिजाइन बाय दर्शीनी शाह; निशीत गुप्ता-को -फाउन्डर डायरेक्टर कलकी; परवीर सेठी-आर्किटेक्ट स्टूडियो हिंगे, प्रतिक्षा प्रशांत - सी.ई.ओ -किशनदास एण्ड कम्पनी; पूनम सोनी-प्रिंसिपल, डिजाइनर पूनम सोनी सिगनेचर ज्वैलरी; टीना कक्कड़ -सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर एण्ड लक्ज़री ब्लोग इमेज कोड; मोहित रॉय - सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट बेडिंग एण्ड रनवें स्टाइलिस्ट मौजूद थे।

## बदमाशों ने मेडिकल शॉप में घुसकर दुकानदार को पीटा

**जयपुर**। मुरलीपुरा इलाके में मेडिकल शॉप में बैठे दुकानदार पर 2 बदमाशों ने हमला बोल दिया। वह कुछ समझ पाता, इससे पहले ही उस पर थप्पड़ और घूंसे बरसाने लगे। एक बदमाश हेलमेट पहनकर दुकान में घुसा था। उसने अपना हेलमेट उतारा और उसी से दुकानदार पर वार करने लगा। कुछ देर बाद दोनों बदमाश वहां से भागे। उनका एक साथी बाहर बाइक के पास खड़ा था। स्थानीय लोगों ने एक बदमाश को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

पुलिस के मुताबिक मुरलीपुरा क्षेत्र के वैद्य जी चौराहे पर योगेश शर्मा (37) की मेडिकल शॉप है। उनका घर भी पास में ही है। बुधवार रात करीब 11 वह दुकान पर अकेले थे। इतने में दुकान के बाहर एक बाइक आकर रुकी। उस पर तीन युवक सवार थे। एक युवक बाहर ही रह गया और 2 दुकान के अंदर आ गए। अंदर घुसते ही योगेश को कुर्सी से उठाया और थप्पड़-घूंसे मारने लगे। एक ने तो अपना हेलमेट उतार लिया और कई वार किए। करीब 36 सेकेंड बाद दोनों वहां से निकल लिए। योगेश ने खुद को संभाला और दुकान के कोने में रखे डंडे को लेकर बदमाशों के पीछे दौड़े। झोटवाड़ा एसीपी प्रमोद स्वामी ने बताया कि शॉपकीपर योगेश ने दुकान में घुसे लड़कों को बाहर खिड़की से दवाई लेने को कहा थी। तभी दोनों बदमाशों ने हमला कर दिया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। दुकानदार योगेश बदमाशों को पकड़ने के लिए चिल्लाते हुए डंडा लेकर पीछे भागा। भागते हुए बदमाशों ने हेलमेट से वार कर गेट का शीशा भी तोड़ दिया। शोर-शराबे की आवाज सुनकर स्थानीय लोग इकट्ठे हो गए। बाइक पर बैठकर भागते वक्त भीड़ ने एक बदमाश को पकड़ लिया, जबकि दो फरार हो गए।

## वैश्यावृत्ति मामले में दो दलाल गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। चित्रकूट थाना पुलिस ने वेश्यावृत्ति के मामले में दो दलालों को गिरफ्तार किया है। वहीं बाहरी राज्यों से बुलाई गई दस लड़कियों को दस्तयाब किया हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी वाट्सएप के जरिए पहले लड़कियों की फोटो मंगवाते थे और पैसे के लेनदेने का सौदा करते थे। पुलिस इस मामले में गहनता से जांच कर रही हैं।

पुलिस ने बताया कि बुधवार रात को मुखबिर से सूचना मिली कि चित्रकूट निवासी सुमित शर्मा उर्फ चिंटू शर्मा महिलाओं से वेश्यावृत्ति करवाता है। जयपुर में अलग-अलग जगह लड़कियों को ठहराता है। इस पर पुलिस ने दबिश देकर दो जनों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी वेश्यावृत्ति के लिए ऑनलाइन ग्राहक बुक कर लड़कियां भिजवाते है। आरोपी सुमित ने इस काम के लिए चार मोबाइल नंबर ले रखे हैं। पुलिस ने उसे करणी विहार थाना अंतर्गत जीडीसी क्लब के पास पकड़ा। उसके मोबाइल में बड़ी संख्या लड़कियों की फोटो मिली है, जो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के जरिए ग्राहकों को भेजी हुई थी। वेश्यावृत्ति के लिए पैसों की लेन-देन की बातचीत भी मिली। आरोपी सुमित को गिरफ्तार किया गया और लड़कियों को वेश्यावृत्ति के लिए ग्राहकों के पास पहुंचाने और वापस लाने का काम करने वाले मूलतः नीमकाथाना स्थित चीचडोली हाल मोती नगर निवासी हेमेन्द्र सिंह उर्फ हैप्पी राजपूत (24) को गिरफ्तार किया।

आरोपियों ने बताया कि शहर में अलग-अलग जगह 10 लड़कियां ठहरा रखी है, जिन्हें वेश्यावृत्ति के लिए लाया गया है। आरोपी सुमित से वेश्यावृत्ति के लिए भेजी जाने वाली लड़कियों से कमिशन के तौर पर लिए गए 18800 रुपए भी बरामद किए। आरोपी एक लड़की से दलाली के तौर पर 500 से 1000 रुपए तक वसूलता था। पुलिस इस मामले में और भी गिरफ्तार कर सकती हैं।

## फायरिंग से पहले रैकी करने वाला बदमाश भी गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। मुरलीपुरा पुलिस ने विवाहिता अंजलि पर फायरिंग से पहले इलाके की रैकी करने वाले बदमाश मोहम्मद जुबैर निवासी जौहरी बाजार को गिरफ्तार किया है। दरअसल अंजलि ने मोहम्मद लतीफ के साथ लव मैरिज की थी, इस कारण उसका जेठ अब्दुल अजीज व अन्य परिवारजन नाराज थे।

आरोपी अब्दुल अजीज ने अपने परिचित मोहम्मद राजा को कहकर अंजलि पर फायरिंग करवाई थी। आरोपी राजा ने चूडी बनाने वाले अपने परिचित मो.कलीम आर आबिद को वारदात के लिए तैयार किया। तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस पूछताछ में सामने आया कि जौहरी बाजार निवासी मोहम्मद जुबैर भी पिछले 15-20 दिनों से कलीम और आबिद के साथ स्कूटी पर घूमकर इलाके की रैकी कर रहा था।

## सार-समाचार

### महाराष्ट्र में लगेगी परशुरामजी की मूर्ति



**जयपुर**। विप्र फाउंडेशन की ओर से आयोजित परशुराम कुंड आमंत्रण यात्रा का अमृत भारत रथ गुरुवार को मुंबई महानगर में प्रवेश कर गया। महाराष्ट्र के पर्यटन, कौशल विकास एवम उद्यमिता मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने यात्रा का स्वागत कर सिद्ध विनायक गणेश मंदिर में गणपति पूजन किया। उन्होंने कहा महाराष्ट्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा शीघ्र महाराष्ट्र राज्य में कोंकण में भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित की जाएगी। लोढ़ा मूलतः राजस्थान के निवासी है। विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा गुरुजी ने माल्यार्पण करके लोढ़ा का स्वागत किया तथा भगवान परशुराम जी की पूजा-अर्चना करवाई। राष्ट्रीय महामंत्री डॉ.सी.ए.सुनील शर्मा ने परशुराम कुंड तीर्थ, परशुराम प्रतिमा व विप्र समाज द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। जोन 12 के प्रदेश अध्यक्ष सीए रामावतार शर्मा व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एस.एन श्रीमाली, मुख्य समन्वयक किशन जोशी ने सिद्ध विनायक गणपति को आमंत्रण पत्र एवं पीले चावल अर्पित कर मूर्ति स्थापना के लिए आशीर्वाद मांगा। रथ यात्रा के मलाड़ पहुंचने पर कुंदन नगर स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर शक्ति धाम से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में गोरे गांव की विधायक विद्या ठाकुर, महाराष्ट्र भाजपा के उपाध्यक्ष जय प्रकाश ठाकुर, नगर सेवक दीपक ठाकुर, वार्ड 50 के भाजपा अध्यक्ष अशोक गोयल सहित बडी संख्या में सर्व समाज के लोग मौजूद थे। परशुराम कुंड रथ यात्रा डहाणू, वापी के रास्ते 26 को सूरत शहर पहुंचेगी।

### युवक की मौत के बाद दोस्त फरार

**जयपुर** (कासं)। मालवीय नगर इलाके के एक मकान में गुरुवार सुबह युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। वह दोस्त के साथ पार्टी करने कोटपूतली से जयपुर आया था। गुरुवार सुबह वह नहीं उठा तो दोस्त उसका शव देखकर मौके से भाग निकला। मालवीय नगर पुलिस ने सिटी एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने जयपुरिया हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान किशन लाल जाट (26) निवासी कोटपूतली के रूप में हुई है। सुबह करीब 8 बजे झालाना निवासी सुरेश बैरवा ने मालवीय नगर थाने में सूचना दी। उसने बताया कि उसके मकान के कमरे में किशन लाल जाट की लाश पड़ी है। मकान में शव मिलने का पता चलने पर स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मालवीय नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सिटी एफएसएल की मदद से मौके से सबूत जुटाए। जिसके बाद एम्बुलेंस की मदद से पोस्टमार्टम के लिए शव को जयपुरिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया। पुलिस को कमरे में नशे का डोज लेने का इंजेक्शन मिला है। पुलिस नशे के ओवर डोज से उसकी मौत होना मान रही है।

### बदमाशों ने किया दुकानदार पर हमला

**जयपुर** (कासं)। करणी विहार इलाके में स्कूटी और कार सवार लोगों के बीच झगड़े में बीच-बचाव करने गए दुकानदार से मारपीट के बाद फायरिंग का आरोप है। हालांकि पुलिस ने फायरिंग की पुष्टि नहीं की है। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार एकरूप सागर कॉलोनी, मीणा वाला निवासी रिंकू शेखावत 21 नंबर बस स्टैंड के पास बेकरी की दुकान चलाता है। रिपोर्ट में उसने बताया कि 21 नवंबर की रात करीब 10:30 बजे वह और उसकी पत्नी दुकान पर बैठे हुए थे। इसी दौरान एक स्कूटी और उसके पीछे कार आकर रुकी। दोनों पक्ष के बीच झगड़ा होने लगा। आरोप है पीड़ित रिंकू जब बीच-बचाव कराने गया तो कार सवार लड़कों ने उस पर हमला बोल दिया। उससे मारपीट कर पत्नी के गले से चेन तोड़ ले गए। इसके 10 मिनिट बाद कार सवार लड़के वापिस आए और दुकान के बाहर तीन राउंड फरार किए। पीड़ित का कहना है एक गोली उसके बाएं पैर में लगी, जबकि पुलिस ने मारपीट से चोट आना बताया है और फायरिंग की पुष्टि नहीं की है। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### प्रियंका और गरिमा को प्रथम स्थान

**जयपुर** (कासं)। एस.एस.जैन सुबोध पी जी महिला महाविद्यालय की छात्रा प्रियंका सेन व गरिमा सिंह ने राज्य स्तर पर राजस्थान स्टेट कन्ट्रोल सोसायटी द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में किया गया। इस अवसर पर राजस्थान स्टेट कन्ट्रोल सोसायटी की एसीसटेंट डायरेक्टर गरिमा भाटी तथा एस. एस. जैन सुबोध पी जी महिला महाविद्यालय की आर आर सी कार्यक्रम अधिकारी रेखा जैन भी मौजूद रही। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर दिल्ली में मिलेगा। इसमें उन्हें 1 लाख 50 हजार का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में एड्स, मनोविज्ञान, रक्तदान चिकित्सा संबंधी, डेंगू, मलेरिया, कोविड आदि बीमारियों से संबंधित प्रश्न पूछे गए।

### विद्युत उत्पादन निगम में पेंशन पोर्टल

**जयपुर**। राज्य सरकार की डिजिटलाइजेशन मुहिम के अंतर्गत राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों हेतु ऑनलाइन पेंशन पोर्टल की सुविधा शुरू कर दी गई है। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक आर.के.शर्मा ने बताया कि निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा पेंशन का विवरण देखने एवं पेंशन स्लिप डाउनलोड करने हेतु डिजिटल सुविधा की मांग की जा रही थी ताकि उन्हें इन कार्यों हेतु कार्यालय ना आना पडे। वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन के विवरण त्वरित उपलब्ध कराने के मद्देनजर उत्पादन निगम के आई टी विभाग को निर्देशित किया गया।

### एनएसयूआई का माटी यात्रा कैम्पेन

**जयपुर**। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को देखते हुए छात्र संगठन एनएसयूआई ने माटी यात्रा कैम्पेन का आगाज गुरुवार को किया है। एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक चौधरी ने यात्रा की शुरुआत की। इस कैम्पेन के तहत एनएसयूआई की ओर से प्रदेश के हर जिले में माटी यात्रा जाएगी और वहां की माटी को एकत्र कर राहुल गांधी के राजस्थान पहुंचने पर उस माटी को उन्हें सौंपा जाएगा। चौधरी ने कहा कि उन्हें यह माटी राजस्थान की गौरव गाथा के रूप में सौंपी जाएगी। अभिषेक चौधरी ने इस दौरान कैम्पेन को पोस्टर का भी विमोचन किया।

### जलदायकर्मियों का प्रदर्शन आज

**जयपुर** (कासं)। प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक के नेतृत्व में शुक्रवार को सैकड़ों जलदायकर्मी गांधी नगर स्थित अधिशाषी अभियंता कार्यालय का घेराव करेंगे। यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत ने बताया कि दोपहर करीब साढ़े 12 बजे गांधी नगर पानी के टंकी के नीचे जलदायकर्मी एकजुट होंगे और 11 सूत्री मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### सांगानेर में एटीएम से छेड़छाड़

**जयपुर**। सांगानेर इलाके में एक एटीएम से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के शाखा प्रबंधक प्रिंस गर्ग ने रिपोर्ट दी है कि कृष्णा विहार में इनकी बैंक का एटीएम है, जहां 23 नवंबर की सुबह दो लड़के आए और मशीन में अपना एटीएम कार्ड डाला। इसके बाद मशीन में चाबी डालकर छेड़छाड़ की, जब सफल नहीं हुए तो वहां से चले गए। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### युवक से ऑनलाइन ठगी

**जयपुर** (कासं)। मालपुरा गेट इलाके में एक युवक से ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कागजी मोहल्ला निवासी अब्दुल खालीद ने ओएलएक्स पर स्कूटी बेचने का विज्ञापन देखा तो विक्रेता से संपर्क किया। वह जालसाज निकला। आरोप है ऑनलाइन पेमेंट का झांसा देकर ओटीपी पूछ बैंक खाते से 3 लाख 35 हजार 713 रूपए पार कर लिए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।